चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 193
दिनांक : 30/1/2024

प्रेस विज्ञप्ति

विषय : बी0एड की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ फीस जमा की रसीद जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित 07 **छात्रों द्वारा बी0एड0 सत्र 2019–21, 2020–22, 2021–23 एवं 2022–24 की (कालबाधित को छोड़कर) की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु** विश्वविद्यालय के **ऑनलाईन पोर्टल** पर शुल्क जमा कर अपने आवेदन पत्र के साथ फीस जमा की जो रसीद विश्वविद्यालय में जमा की गयी है उसका विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में कोई लेखा–जोखा नहीं है अर्थात लेखा विभाग के अनुसार वास्तव में इनकी फीस जमा नहीं हुई है :–

क्र.स.	अनुक्रमांक	नाम	पिता का नाम	पाठ्यक्रम
1	2007020007	कु0 रेनू वर्णवाल	विनोद वर्णवाल	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2023
2	2208930078	प्राची	प्रेमपाल सिंह	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2023
3	2205430050	शीतल जाटव	गौरी शंकर	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2023
4	2108930066	रजनी	कृष्णवीर	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2022
5	2108930092	मोहित कुमार	सतीश कुमार	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2022
6	2105430004	अमित कुमार सैनी	सलेक चन्द	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2022
7	2110910051	पूजा गर्ग	सतीश गर्ग	बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2022

अतः उक्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय अवस्थित इंडियन बैंक में फीस की वांछित धनराशि रू0 1500/– जमा कर जमा की गई फीस की मूल प्रति विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर दिनांक 01.02.2024 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि उक्त **छात्र/छात्रायें फीस जमा की मूल प्रति के साथ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराया जाना सम्भव नहीं होगा।**

यह भी सूच्य है कि उक्त सत्रों की बी0एड0 की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अतः इसके उपरान्त अन्य कोई अवसर किसी भी दशा में प्रदान नही किया जायेगा।

30/1/2024
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. संकायाध्यक्ष, शिक्षा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय के साथ प्रेषित कि व्यापक स्तर पर छात्र/छात्राओं के सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी, वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विज्ञप्ति लगातार 03 दिवस तक वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को लगातार 03 दिवस तक सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1142